रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) से (घ). मुगलसराय–सीतारामपुर मुख्य लाइन पर सर्वप्रथम सीतारामपुर-दानापुर खंड के विद्युतीकरण पर विचार किया जा रहा है। सीतारामपुर–दानापुर खंड का लागत एवं व्यावहारिकता सर्वेक्षण पहले ही किया जा चुका है। किन्तु भारतीय रेलों पर डीजल और बिजली कर्षण के सापेक्ष आर्थिक पहलुओं का योजना आयोग के सुझाव पर एक समिति द्वारा पुनर्मूल्यांकन किया जा रहा है और इस आधार पर विद्युतीकरण का एक दीर्घकालीन कार्यक्रम तैयार किया जायेगा, जिसमे सीतारामपुर-दानापुर खंड सहित विद्युतीकरण परियोजनाओं की पारस्परिक प्राथमिकताएं निर्धारित की जायेंगी। अतः इस स्थिति मे यह बताना संभव नही है कि इस योजना को कब कार्य रूप दिया जायेगा।

दिल्ली में कुकिंग गैस कनेक्शन

3751 **श्री राजकेशर सिंह** : क्या **पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के कहने पर कुकिंग गैस के लिए पंजीकरण बंद कर दिया है,

(ख) कुकिंग गैस के लिये कितने आवेदन पत्र विशेषकर दिल्ली मे विचाराधीन पड़े है, और

(ग) वर्ष 1977 मे कितने लोगो को गैस कनेक्शन दिये गये और उनमे से कितने व्यक्तियो को प्राथमिकता के आधार पर कनेक्शन दिये गये और प्राथमिकता किस-किस आधार पर दी गई ?

पेट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) जी, नहीं। गैस की निरन्तर कमी को ध्यान मे रखते हुए प्रायल कंपनियो ने तरल पेट्रोलियम गैस (कुकिंग गैस) कनेक्शन के लिए पंजीकरण करने की मनाही कर दी है।

(ख) दिल्ली में कुकिंग गैस कनेक्शन के लिए लगभग 1.30 लाख व्यक्तियों के नाम प्रतीक्षा सूची मे है।

(ग) वर्ष 1977 मे 6770 (लगभग) कुकिंग गैस कनेक्शन दिये गये। 6770 की इस संख्या में से लगभग 2,260 कनेक्शन प्राथमिकता के आधार पर दिए गये। साधारणतया कुकिंग गैस कनेक्शन देने की प्राथमिकता संसद् और राज्य विधान सभाओं के सदस्यों, अन्य गणमान्य व्यक्तियो, विदेशी प्रतिष्ठित अधिकारियो, कठिन परिस्थितियो वाले मामलो, वाणिज्यिक संस्थाओ, सरकारी संगठनो, संस्थानों आदि को दी गई।

Cost of Products of M/s. Hoechst India

3752. SHRI RAMESHWAR PATIDAR: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) the total cost of products of M/s Hoechst India during 1976-77;

(b) the total market value of products of the company;

(c) the net profit earned by company during that year; and

(d) the amount remitted to foreign countries?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI H. N. BAHUGUNA): (a) Ex-factory cost of production of bulk drugs and formulations including excise duty during 1976:—

Rs. 2,745 lacs.

(b) Market value of production of bulk drugs and formulations including excise duty during 1976:—

Rs 27,45 lacs.

(c) Net profit before tax earned on bulk drugs and formulations during 1976:—

Rs. 168 lacs.

(d) Amount remitted abroad as dividends:—

Rs. 20.4 lacs.

The company is also engaged in the manufacture of Agrochemicals. Similar information in respect thereof is being collected and will be laid on the Table of the House.

Stoppage of Rajdhani Express at Gaya Junction

3753. SHRI H. L. P. SINHA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is proposed to provide a stoppage at the Gaya junction for the Rajdhani Express and whether a provision for reservation of seats for Gaya is also proposed to be made; and

(b) if so, by what time?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN): (a) No.

(b) Does not arise.

आगरा और जयपुर के बीच चलने वाली रेलगाड़ियां

3754. श्री राम किशन : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत 40–50 वर्षों में यात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि हो जाने के बावजूद आगरा और जयपुर के बीच 24 घण्टे में केवल दो यात्री गाड़ियां चलाई जाती हैं;

(ख) क्या आगरा तथा जयपुर के बीच पड़ने वाले नगरों के नागरिकों, व्यापार संगठनों तथा औद्योगिक संस्थानों ने अनेक बार उनके मंत्रालय को अभ्यावेदन भेजे हैं कि यात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि को देखते हुए आगरा–जयपुर के बीच और सवारी गाड़ियां चलाई जायें; और

(ग) क्या सरकार इन अभ्यावेदनों पर विचार करेगी और इस रेलवे लाइन पर और सवारी गाड़ियां चलायेगी, यदि हां, तो कब तक?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) और (ख). जी हां।

(ग) जयपुर–बांदीकुई खण्ड पर अतिरिक्त लाइन क्षमता और जयपुर तथा आगरा फोर्ट खंड पर टर्मिनल/अनुरक्षण सुविधाओं की कमी के कारण जयपुर और आगरा फोर्ट के बीच इस समय अतिरिक्त गाड़ी चलाना परिचालनिक दृष्टि से व्यावहारिक नहीं है।

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लोगों को इण्डेन गैस की एजेंसियों का आबंटन

3755. श्री राम प्रसाद देशमुख : क्या पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री पेट्रोल पम्पों और इण्डेन गैस एजेंसियों का अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लोगों को आवंटन के बारे में 15 नवम्बर, 1977 के अतारांकित प्रश्न संख्या 347 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के उन लोगों की सूची की इस आशय से जांच पड़ताल करेगी जिनको 1-1-1974 से 30-9-1977 तक की अवधि में भारतीय तेल निगम द्वारा इण्डेन गैस एजेंसियां दी गई थी कि उनमें उनके पते पूरे नहीं है;

(ख) क्या सरकार को पता है कि जिन लोगों के नाम सूची में हैं वे अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के नहीं है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और